मतगणना को लेकर आयुक्त ने की बैठक, अभ्यर्थियों को दी गयी जानकारी

मुजफ्फरपुर। निर्वाची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 की मतगणना प्रक्रिया के संबंध में अभ्यर्थियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। प्रमंडलीय सभागार में आयोजित इस बैठक में अभ्यर्थियों/इलेक्शन एजेंट को मतगणना प्रक्रिया के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। *भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों, विधियों, प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार मतगणना कार्य के संचालन के संबंध में विस्तार से बताया गया।

बैठक में सभी अभ्यर्थियों को मतगणना केन्द्र में प्रवेश, मतगणना टेबल पर कर्मियों की नियुक्ति एवं उनका कार्य, आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति, एकल संक्रमणीय मत, मिश्रित पद्धति, कोटा निर्धारण, मतों का अंतरण, निर्धारित प्रोटोकॉल, आचार संहिता एवं विधि-व्यवस्था सहित विभिन्न पहलुओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में मतगणना होगी। इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। मतगणना कार्य में सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के साथ सुप्रशिक्षित मतगणना पर्यवेक्षकों तथा मतगणना सहायकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। विधि-व्यवस्था संधारण के लिए ज़िलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

मतगणना आज सुबह 7 बजे से होगी प्रारंभ

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के बाद मंगलवार को एमआईटी कॉलेज के प्रशासनिक भवन में मतगणना होगी। इसे लेकर सुबह 7 बजे से काउंटिंग शुरू हो जाएगी । सबसे पहले मतदान केंद्रवार मतपत्रों की केवल संख्यात्मक गिनती होगी और सभी बंडलों को मिलाया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशीवार मतों की गणना की जाएगी। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के लिए प्रत्येक कक्ष में 14-14 गणना टेबल और 01 सहायक निर्वाची पदाधिकारी का टेबल तैयार किया गया है। मतगणना केंद्र पर अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारियों द्वारा हर व्यक्ति की सघन जांच की जाएगी। मतगणना हॉल के अंदर अनावश्यक आवाजाही पर रोक रहेगी।



मतगणना की बारीकियों के बारे में अभ्यर्थियों को जानकारी देते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 की मतगणना दिनांक मंगलवार को प्रशासनिक भवन, एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित मतगणना केन्द्र पर कराया जाना है। प्रातः 7.00 बजे नियमानुसार वज्रगृह खोला जाएगा। प्रातः 8.00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होना है। निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका के अनुसार मतगणना प्रक्रिया में मतपत्रों की गणना मिश्रित (Mi&ed) पद्धति से किया जाना है। इस पद्धति के अंतर्गत सर्वप्रथम मतदान केन्द्रवार मतपत्रों की केवल संख्यात्मक गिनती होगी एवं सभी मतपत्रों के बंडल को मिश्रित किया जाना है। उसके बाद मतपत्रों की गणना अभ्यर्थीवार होगी।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि 04-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना से संबंधित समस्त कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित समय सीमा के अन्दर सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उद्देश्य से हर व्यवस्था की गई है।

4-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना प्रशासनिक भवन, एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित अलग-अलग मतगणना हॉल में की जानी है। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतगणना हेतु प्रत्येक मतगणना कक्ष में 14 गणना टेबल एवं 01 सहायक निर्वाची पदाधिकारी का टेबल तैयार किया गया है।

मतगणना टेबल पर कर्मियों की नियुक्ति एवं उनके कार्य के बारे में जानकारी देते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन का संचालन नियम, 1961 के नियम-53(1) के उप-नियम-(क) में निहित प्रावधान के तहत निर्वाची पदाधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र-XII C में प्रत्येक गणना टेबल के लिए पर्यवेक्षक एवं सहायकों की नियुक्ति की जाती है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में कार्मिक कोषांग, मुजफ्फरपुर द्वारा दोनों निर्वाचन क्षेत्रों हेतु प्रत्येक गणना टेबल के लिए 1 (एक) मतगणना पर्यवेक्षक एवं 2 (दो)- मतगणना सहायक का डाटा बेस कोटिवार अलग-अलग तैयार किया गया है, जिसका रैंडमाइजेशन प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग (04-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) की उपस्थिति में होता है। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि विधान परिषद निर्वाचन की मतगणना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। अतः इस दौरान प्रत्येक स्तर पर विशेष सतर्कता, सावधानी एवं निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना अनिवार्य है। मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को समाप्त करने के लिए सभी हितधारकों को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

मतगणना परिसर में अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा तथा अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रवेश द्वार से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की विधिवत भौतिक जाँच दंडाधिकारियों द्वारा की जाएगी। मतगणना हॉल में प्रवेश के बाद अनावश्यक आवाजाही नहीं होगी। मतगणना केन्द्र के भीतर किसी भी अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्त्ता के साथ सम्बद्ध किसी भी सुरक्षा गार्ड को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

कुढ़नी के पूर्व सीओ अनिल कुमार संतोषी पर गिर सकती है गाज

स्थानांतरण के बाद भी दाखिल खारिज वादों का निष्पादन करने का आरोप प्रमाणित ● डीएम ने आरोप पत्र गठित कर कारवाई के लिए सरकार को भेजा

मुजफ्फरपुर। जिला समाहर्ता-सह-जिलाधिकारी द्वारा कुढ़नी के पूर्व अंचल अधिकारी अनिल कुमार संतोषी के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर सरकार को भेजा गया है।साथ ही इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि तत्कालीन अंचल अधिकारी, कुढ़नी श्री संतोषी के विरूद्ध कुढ़नी से स्थानान्तरण होने के बाद भी दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने का प्रमाणित आरोप है। श्री संतोषी अंचल अधिकारी, कुढ़नी के पद पर दिनांक 7.02.2024 से 4.07.2026 तक पदस्थापित थे। वर्तमान में इनका पदस्थापन सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पूर्वी चम्पारण मोतिहारी में है। जिलाधिकारी ने कहा कि अंचल अधिकारी श्री संतोषी द्वारा कुढ़नी से स्थानान्तरण के बाद भी दाखिल-खारिज किए जाने के आरोपोंकी अपर समाहर्ता, मुजफ्फरपुर से जांच कराई गई। जांच में उनके विरूद्ध आरोप प्रमाणित पाया गया। स्थानांतरण होने के बाद भी दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने के आरोप में तत्कालीन अंचल अधिकारी, कुढ़नी के विरूद्ध प्रपत्र-क (आरोप पत्र) गठित कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार, पटना को भेजा गया है तथा उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। विदित ह कि पिछले महीने परिमार्जन के मामले में अनदेखी करने को लेकर अंचल अधिकारी समेत दो के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया था ।

पूर्व मुखिया का निधन, विधायक ने जताया शोक

साहेबगंज (आससे)। प्रखंड के बंगरा निजामत पंचायत के पूर्व मुखिया हरेंद्र सिंह की मृत्यु सोमवार को निवास स्थान पर हो गई । वे पंचायत के एक टर्म मुखिया 2006 से 2011 तक रहे । वे इधर कई वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी मृत्यु पर विधायक डा राजू कुमार सिंह ,प्रमुख पूजा सिंह ,प्रमुख पति विकेश सिंह ,पूर्व प्रमुख अमलेश कुमार ,राम नरेश मालाकार ,माधव मिश्रा ,जिप ई राजेश कुमार ,रंजन चौधरी ,अधिवक्ता विनोद कुमार ,राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रो अजय कुमार , विजय शर्मा, राजदेव साहनी , मुखिया नीतू कुमारी देवी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है ।

सांपों को पकड़ने में रमेश को हासिल है महारत

मुजफ्फरपुर। घर में सांप निकलते ही लोग डर से कांपने लगते हैं, लेकिन मुजफ्फरपुर के कन्हौली मठ निवासी 35 वर्षीय रमेश कुमार राज सांपों को बचाने पहुंच जाते हैं। पिछले करीब एक दशक से स्नेक रेस्क्यू में जुटे रमेश अपने अनुमान के मुताबिक अब तक पांच हजार से अधिक सांपों को रेस्क्यू कर चुके हैं। इसी वजह से इलाके में उनकी पहचान 'सांप मित्र' के रूप में बनी है। खास बात यह है कि वह रेस्क्यू के बदले किसी से पैसे की मांग नहीं करते। रमेश को बचपन से वन्यजीवों में रुचि थी। जब दूसरे बच्चे फिल्में देखते थे, तब वह डिस्कवरी चैनल पर वन्यजीवों से जुड़े कार्यक्रम देखते थे। हिस्ट्री ऑनर्स से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने सांपों की प्रजातियों और उनके व्यवहार के बारे में जानकारी जुटाई और धीरे-धीरे रेस्क्यू के काम से जुड़ गए।



रमेश के मुताबिक, रेस्क्यू के दौरान तीन बार सांप उन्हें डस चुके हैं। इसके बावजूद उनका जुनून कम नहीं हुआ। वह दो से तीन लोगों की टीम के साथ जूते, मोजे, दस्ताने और विशेष उपकरणों की मदद से सांपों को सुरक्षित निकालने का प्रयास करते हैं। मुजफ्फरपुर के अलावा सीतामढ़ी और बेगूसराय समेत आसपास के जिलों में भी रेस्क्यू के लिए जाते हैं। रमेश कॉमन क्रेट, इंडियन कोबरा और रसेल वाइपर का रेस्क्यू कर चुके हैं। कॉमन क्रेट का शरीर चमकदार काला और उस पर सफेद धारियां होती हैं। इसका जहर तंत्रिका तंत्र और सांस लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कोबरा की पहचान उसके फन से होती है। इसके जहर से गंभीर स्थिति में लकवा हो सकता है। वहीं, रसेल वाइपर का शरीर मोटा और उस पर गहरे अंडाकार धब्बों की तीन कतारें होती हैं। इसका जहर रक्तस्राव और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। रमेश लोगों को सांपों को मारने के बजाय विशेषज्ञ की मदद लेने की सलाह देते हैं। रेस्क्यू के बदले वह पैसे नहीं मांगते। परिवार और दो बच्चों की जिम्मेदारी निभाने के लिए राशन डीलर का काम करते हैं। उनका मानना है कि सांपों को सुरक्षित बचाना और लोगों को जागरूक करना ही असली सेवा है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

मुजफ्फरपुर। कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के दीघरा गैस प्लांट के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। मृतक की पहचान मोहम्मद मंजर हुसैन के 25 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन के रूप में हुई है। वह अंडे का व्यवसाय करता था। घटना की सूचना मिलने पर कच्ची-पक्की ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मृतक के स्वजन में मातम पसर गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज से जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे में शामिल अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस यह भी पता लगा रही है कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस की जांच के बाद ही दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।मृतक के चाचा कुढ़नी राजद प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम का कहना है कि यह दुर्घटना नहीं हत्या है।

खेत बचाओ अभियान का मुजफ्फरपुर से शुभारंभ

खेत बचाओ अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए आगे आयें किसान ● केंद्र और राज्य की योजनाओं से किसान समृद्ध होंगे : विजय कुमार सिन्हा

मुजफ्फरपुर। खेत बचाओ, जीवन बचाओ के संदेश के साथ आज मुजफ्फरपुर की धरती से खेत बचाओ अभियान-सह-कृषि जन कल्याण संवाद का शुभारम्भ मंत्री कृषि विभाग विजय कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि 'खेत बचाओ, जीवन बचाओ' केवल संदेश नहीं, बल्कि धरती, किसान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का हमारा संकल्प है। खेत सुरक्षित होंगे, मिट्टी स्वस्थ होगी और किसान समृद्ध होंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। आइए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के विज़न के अनुरूप खेतों के संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएँ और समृद्ध बिहार की नई इबारत लिखें।



कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के आह्वान पर 22 अक्टूबर से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान प्रारंभ हुआ है। बिहार में भी इस अभियान को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। आज 26 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर की धरती से हम इस अभियान को नई गति देने और गाँव-गाँव तक पहुँचाने का संकल्प लेते हैं। यह अभियान 30 नवंबर, 2026 तक संचालित होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि खेत बचाओ अभियान-सह-कृषि जन कल्याण संवाद' किसानों की समृद्धि, मिट्टी के संरक्षण, महिला उद्यमिता, युवा रोजगार और श्रमिकों के सम्मान को एक साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारा संकल्प है कि कृषि सशक्त हो, गाँव समृद्ध बनें और बिहार विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे।

हमें समझना होगा कि आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग खेती की लागत बढ़ाने के साथ मिट्टी के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए मिट्टी की जाँच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा और वैज्ञानिक सलाह के आधार की का संतुलित प्रयोग करना चाहिए। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि खेत में कितनी खाद डाली गई, बल्कि यह है कि मिट्टी की जरूरत के अनुसार खाद का कितना सही उपयोग किया गया। श्री सिन्हा ने कृषि जन कल्याण संवाद के अंतर्गत किसानों से संवाद करते हुए कहा कि नकली खाद एवं नकली बीज की बिक्री पर रोक लगाने तथा ऐसे मामलों को उजागर करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि नकली उर्वरकों के उत्पादन एवं बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, ऐसे मामलों का पर्दाफाश करने तथा दोषियों की पहचान उजागर करने वाले अधिकारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तक सीधे पहुँचकर उन्हें जागरूक किया जाए। कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए इस पद्धति को अपनाने वाले किसानों को कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जैविक खादों के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो, मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य संरक्षित रहे और टिकाऊ तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता केवल बैठकों और कार्यक्रमों की संख्या से नहीं मापी जाएगी। इसकी असली सफलता तब होगी, जब हम अपनी खेती करने के तरीकों में सकारात्मक बदलाव लाएँगे। जब हम मिट्टी की जाँच कराएँगे, जरूरत के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करेंगे, पानी बचाएँगे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेंगे, तभी इस अभियान का उद्देश्य पूरा होगा। इस कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती राजकुमारी देवी, कृषि निदेशक मुकेश लाल, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, बामेती निदेशक पवन कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रामदयालु सिंह महाविद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित

शुल्क माफी को लेकर 20 छात्राओं ने सौंपा सामूहिक आवेदन

मुजफ्फरपुर। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामदयालु सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन 'सबका सम्मान, जीवन आसान' की भावना के अनुरूप किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने पर जोर दिया गया।

शिविर के नोडल पदाधिकारी डॉ. भगवान कुमार ने विद्यार्थियों को शिविर के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की समस्याओं को संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाने तथा नियमानुसार उनके समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बिना किसी संकोच के लिखित आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें।

शिविर के दौरान नामांकन शुल्क माफी से संबंधित मामला विशेष रूप से सामने आया। इस संबंध में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति तथा सभी वर्गों की महिला छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए 20 छात्राओं ने सामूहिक आवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने आवेदन के माध्यम से विश्वविद्यालय के निर्धारित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पात्र छात्राओं को नामांकन शुल्क माफी का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र छात्राओं को नियमानुसार मिलने वाली शैक्षणिक सुविधा का लाभ प्राप्त हो और उन्हें नामांकन के समय शुल्क संबंधी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा जारी पत्रांक सं. क्र3811, 24 अक्टूबर 2026 में राज्य सरकार के पूर्व निर्देशों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया गया है कि सामान्य पाठ्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सभी वर्गों की महिला छात्राओं से प्रत्येक स्तर पर नामांकन के समय किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाना है। विश्वविद्यालय ने अपने अधीनस्थ स्नातकोत्तर विभागों, स्नातकोत्तर केंद्रों तथा अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों को संबंधित निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने को कहा है। विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुपालन तथा छात्राओं को शुल्क माफी का नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रस्तुत सामूहिक आवेदन विद्यार्थी सहयोग शिविर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस दौरान विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं संबंधित स्तर पर कार्रवाई की दिशा में पहल की गई। कार्यक्रम में डॉ. अमर ज्योति रंजन, डॉ. रजनीकांत पांडेय, डॉ. पंकज कुमार तिवारी एवं डॉ. विकास कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने तथा उनके समाधान की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।



महाविद्यालय में आयोजित यह शिविर विद्यार्थी हितों के संरक्षण, पारदर्शी प्रशासन तथा समस्याओं के समयबद्ध समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। शिविर के माध्यम से छात्राओं को अपनी समस्याएं सामूहिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर मिला और विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुरूप शुल्क माफी का लाभ सुनिश्चित करने की मांग संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाई गई।

शादी से दो महीने पहले युवती प्रेमी के साथ फरार

मुजफ्फरपुर। काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के नीम चौक से शनिवार को एक युवती पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ फरार हो गई। युवती की शादी दो महीने बाद तय थी। बेटी के लापता होने के बाद मां ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की शादी दो महीने बाद होनी थी। इसी बीच शनिवार को पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसे लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। इसके बाद रविवार को वह युवक के घर शिकायत करने पहुंची। आरोप है कि इस दौरान युवक के बड़े भाई ने उसके साथ मारपीट की।

घटना के बाद सोमवार को महिला ने काजीमोहम्मदपुर थाने में शिकायत की। उसने पड़ोस के युवक और उसके बड़े भाई के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही बेटी को बरामद करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

सरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के बतरौलिया गांव के निकट सोमवार की शाम अज्ञात बाइक की ठोकर से एक वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम एवं सरैया थाना की पुलिस मौके पर कर घटनास्थल का जायजा लिया और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच,मुजफ्फरपुर भेजने की प्रक्रिया कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक वृद्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है द्य घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे में शामिल बाइक एवं उसके चालक के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है,समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

उपमुखिया और डीलर के निधन पर शोक

साहेबगंज (आससे)। नगर परिषद साहेबगंज वार्ड 8 निवासी सह पूर्व मुखिया अजीमुल्लाह अंसारी के कार्यकाल में उप मुखिया रहे अशोक कुमार 78 साल की सोमवार को निवास स्थान पर मृत्यु हो गई ।उनको दो पुत्र और दो पुत्री है। उनकी मृत्यु पर विधायक डा राजू कुमार सिंह ,प्रमुख पूजा सिंह ,रामनरेश मालाकार ,श्रवण अग्रवाल ,रवि कुमार ,गौरव कुमार ,प्रो अजय कुमार ,नंदकिशोर प्रसाद ,ब्रजबिहारी प्रसाद ,मो बेचू ,तौहीद अंसारी ,प्रदीप कुमार ,माधव मिश्रा ,सीताराम शर्मा ,ध्रुव प्रसाद ,विश्वनाथ प्रसाद ,नीरज कुमार चुन्नू ,विजय कुमार पूर्व उप मुख्य पार्षद ,रंजू सिंह सहित गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है ।

धर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की साहेबगंज इकाई ने नगर परिषद साहेबगंज बाजार के डीलर निजामुद्दीन अंसारी की आकस्मिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है । एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विकेश कुमार सिंह ,सोनू कुमार ,ध्रुव प्रसाद , साहिंद्र पासवान ,सुधीर कुमार ,शिवशंकर कुंवर ,महेश सिंह ,मो अताउल्लाह सहित मो खलील ,मो नसीरुल्लाह , एवं अन्य डीलरों ने शोक व्यक्त किया है ।

अघोरिया बाजार के होटल में ठहरने पहुंचे सेना के अधिकारी का सूटकेस गायब, संदिग्ध से पूछताछ

मुजफ्फरपुर। काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के अघोरिया बाजार स्थित एक आवासीय होटल में रविवार को ठहरने पहुंचे सेना के एक अधिकारी का सूटकेस गायब हो गया। घटना के बाद अधिकारी ने इसकी जानकारी स्थानीय काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम होटल पहुंची और मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस ने होटल में पहुंचकर घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। साथ ही सूटकेस गायब होने के मामले में संदिग्ध युवक से पूछताछ की गई। हालांकि, मामले में सोमवार तक सेना के अधिकारी ने किसी प्रकार की लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई । शिकायत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने संदिग्ध युवक को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया।

जबदस्ती और मारपीट करने का महिला ने पड़ोसियों पर लगाया आरोप

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के गोनौली निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसी कीर्तन महतो और सुभाष गोंड पर सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने अपने आवेदन में लिखा है कि उसका पति गुजरात रहकर मजदूरी करते हैं।वो घर में अपने बूढ़ी सास और बच्चों के साथ रहती है।इसी का फायदा उठाते हुए उसके पड़ोसी विगत 06 अक्टूबर को घर में अकेली महिला को देख कर घुस गए और जोर जबरदस्ती करने लगे। महिला के चिल्लाने पर अगल बगल के लोग इकठा हुए और महिला की सास आई जिसके उपरांत 112 पुलिस टिम को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर इसकी जानकारी लेकर आरोपियों को समझा बुझा कर सचेत करा दिया कि आगे से ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए। महिला के पति को इस बात की जानकारी मिली तो वह गुजरात से घर आया।इसी दौरान 23 अक्टूबर की शाम में जब उसके पति और सास घर से बाहर टहल रहे थे तभी कीर्तन महतो और सुभाष गोंड नशे की हालत में फिर से उसके घर में घुस आए और उसके कपड़े फाड़ने लगे जब महिला शोर मचाई तो उसके पति और सास घर में आए।उन लोगों को देख कर कीर्तन और उसके दोनों लड़के श्याम,नन्हे तथा सुभाष और उसके दोनों लड़के अमित और सुमित ने मिलकर उसके पति और सास को लाठी डंडो से मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया, और महिला के सर पर लाठी से वार कर सर फोड़ दिया ।जब पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई तो घटनास्थल पर पहुंच कर घायल महिला और उसके पति तथा सास को इलाज के लिए ले गई।वहीं दूसरे पक्ष ने संतोष महतो, रीता देवी तथा मु0 सरस्वती देवी पर आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है कि 23 अक्टूबर की शाम जब वो काम कर के लौट रहा था तभी उपरोक्त लोगों के द्वारा उसके घर में घुस कर उसके तथा उसकी पत्नी और बहन पर मारपीट करते हुए पत्नी के गले से 30 हजार मूल्य का मंगलसूत्र चुरा लेने का आरोप लगाया है।साथ ही उनलोगो को मारपीट कर ज़ख्मी कर देने का भी आरोप लगाया है।इस बाबत वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 156 और 157/26 दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

अमीनों को मिला प्रशिक्षण

मोतीपुर (आससे)। विकासशील अमीन संघ की की एक बैठक सोमवार को बरूराज थाना क्षेत्र के धरमपुर इशहाक गांव निवासी मनोज चौधरी के आवास पर हुई। बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन की सदस्यता लेने वाले युवा अमिनो को प्रशिक्षण भी दिया गया। संगठन के अध्यक्ष अजीत कुमार कुंवर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमिनो की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हर मोर्चे पर सक्रिय है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन की अगली बैठक भगवानपुर निवासी अमीन राम सेवन साह के दरवाजे पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुधीर कुमार, शिव नारायण भगत, विनोद प्रसाद कुशवाहा, लक्ष्मण चौधरी, महेश्वर उपाध्याय, मनोज चौधरी, भवनेश्वर प्रसाद, जगत शर्मा, अमरेंद्र कुमार, राजू चौधरी, लखिन्द्र भगत, अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

320 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

सरैया (आससे)। पारु पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग तीन गांव में छापेमारी कर 320 लीटर देसी शराब बरामद किया । वही एक जगह से एक तस्कर को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । इस बाबत सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल के लिखित आवेदन पर फरार तस्कर के विरुद्ध एफआईआर किया गया है ।सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि गस्ती के दौरान सूचना मिली कि बैजलपुर गांव निवासी नागेंद्र सहनी अपने घर के पीछे धान के खेत मे देसी शराब रखकर ख़रीदबिक्री का धंधा कर रहा है । जैसे ही वहां पहुंचे वैसे नागेंद्र सहनी पुलिस वाहन को देखकर भाग चला । धान के खेत से 30 लीटर देसी शराब बरामद हुआ । उसी वक्त सूचना मिली कि फतेहाबाद गांव निवासी जितेन्द्र सहनी अपने घर में देसी शराब बनाकर बिक्री कर रहा है । वहां पहुंचते धंधेबाज जितेन्द्र सहनी फरार हो गया । वही घर के तलासी लेने पर उसके घर से 115 लीटर शराब बरामद की गई । उसके बाद फिर सूचना मिली कि उस्ती गांव के गंडक नदी के दियरा इलाके में तस्कर विनोद सहनी,धीरज कुमार, अरविंद कुमार देसी शराब का ख़रीदबिक्री कर रहा है । सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में विनोद सहनी को खदेड़ कर पकड़ लिया गया,वही धीरज और अरविंद फरार हो गया ।उधर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि फरार तस्करों के विरुद्ध केस कर गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है ।

5 दिनों से लापता है किशोर

औराई(आससे)। थाना क्षेत्र के राजखंड दक्षिणी पंचायत के कोकिलवारा गांव निवासी मो. सडडू का 16 वर्षीय पुत्र फुरकान रजा के बीते 5 दिनों से लापता होने को लेकर परिवार समेत गांव में कोहराम मचा हुआ है।पीड़ित पिता ने बताया की वह राजखंड गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में नौवीं कक्षा का छात्र है विगत 22 अक्टूबर को विद्यालय जाने की बात कह कर घर से निकला था जो अब तक घर नहीं लौटा है। अनहोनी की शंका को लेकर परिवार वाले डरे सहमें हुए हैं, पिता ने मामले की सूचना थाने को भी दी है।थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि बच्चे की तलाश जारी है । पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि असगर अली ने बताया कि बच्चा बहुत मेघावी है, अनहोनी की आशंका से सभी लोग सहमें हैं।